**समाचार**

**प्लास्टिक फ्री कोरबा**

# रोटरी क्लब ने कपड़े के थैले किए वितरित, प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग न करने की दी समझाईश

# निगम अमले ने दुकानदारों को दिए डस्टबिन, कचरा सार्वजनिक स्थान पर न डालने की दी हिदायत

**(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम के अधिकारी व रोटरी क्लब के सदस्य व्यवसायिक क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के प्रति लोगों को किया जागरूक)**



कोरबा 22 मार्च 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम के अधिकारियों व रोटरी क्लब कोरबा के सदस्यों ने व्यवसायिक क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के प्रति लोगों को जागरूक किया, एक ओर जहॉ रोटरी क्लब ने दुकानों में पहुंचे ग्राहकों को कपड़े से बने थैले निःशुल्क वितरित किए, वहीं दूसरी ओर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने दुकानदारों को डस्टबिन उपलब्ध कराएं, साथ ही दुकानों में डस्टबिन न रखने पर अर्थदण्ड लगाते हुए हिदायत दी कि वे दुकानों प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें, कचरे को सार्वजनिक स्थल पर न डालें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग, डिस्पोजल व अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने की दिशा में निरंतर कार्यवाही की जा रही है तथा इसमें स्वयंसेवी संगठनों, महिला स्वसहायता समूहों सहित सभी का सहयोग लिया जा रहा है। रोटरी क्लब कोरबा द्वारा इस कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई जा रही है, रोटरी क्लब के सदस्य एक ओर जहॉ प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने में सहभागी बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर साफ–सफाई के प्रति आमनागरिको को जागरूक करने व निगम के स्वच्छता महाअभियान में अपना

सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। इसी कड़ी में निगम के अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार की अगुवाई में निगम के अधिकारी कर्मचारियों व रोटरी क्लब के सदस्यो ने निहारिका कोसाबाड़ी स्थित व्यवसायिक क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य एक अभियान के रूप में किया है। रोटरी क्लब के सदस्यों ने दुकानों में पहुंचे हुए ग्राहकों, आमनागरिकों को कपड़े से बने हुए थैले निःशुल्क उपलब्ध कराएं तथा उनसे आग्रह किया कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग आदि का उपयोग न करें, खरीदी के समय कपड़े, जूट के बने थैले या अन्य वैकल्पिक साधनों को अपनाएं। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने दुकानदारों को डस्टबिन उपलब्ध कराएं एवं जिन दुकानों में डस्टबिन नहीं रखे गए थे, उन पर अर्थदण्ड लगाने के साथ ही उन्हें हिदायत दी कि वे अनिवार्य रूप से दुकानों में डस्टबिन रखें, दुकानों से उत्सर्जित अपशिष्ट को डस्टबिन में संग्रहित करें तथा निगम के स्वच्छता वाहन में ही अपशिष्ट को दें। सड़क, नाली, फुटपाथ व सार्वजनिक स्थानों में अपशिष्ट का न डालें, दुकानदारों को निगम अमले ने कड़ी हिदायत दी कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का विक्रय उपयोग कदापि न करें।

इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार के साथ–साथ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, विक्रम अग्रवाल, मंजित सिंह हूरा, संजय बुधिया, संजय अग्रवाल, डॉ.संजय अग्रवाल, पारस जैन, प्रेम गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल गुड्डू, डॉ.प्रिंस जैन, नितिन चतुर्वेदी, रिता क्षेत्रपाल, साहिल क्षेत्रपाल, संतोष जैन, आशीष अग्रवाल, निकेश भूटानी, पी.एस.गांधी, आकाश सिंघानिया, सतनाम सिंह, किशोर अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।